# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-2 | अंक-132 | सागवाड़ा, शनिवार, 14 जनवरी, 2023 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## मकर संक्रान्ति-गोग्रास के लिए घी गुड़ के साथ बनाई रोटियां

### परम्परा- पोल का कोठा स्थित सोनियाजी मंदिर के पीछे गायों के लिए रोटियां बनाने की परम्परा आज भी निभाई जा रही है

**सागवाड़ा ।** मकर संक्रान्ति पर गायों के लिए रोटीयां बनाने की 50 वर्षो से चली आ रही परंपरा का इस वर्ष भी श्रद्धा से निर्वहन हुआ। पोल का कोठा स्थित सोनियाजी मंदिर के पीछे शुक्रवार को सर्व समाज की महिलाओं ने भक्ति गीत गाते हुए गोग्रास के लिए रोटियां बनाई व घी गुड़ के साथ गायों को खिलाने के लिए भेजी। प्रतिवर्ष सक्रांति के एक दिन पूर्व इसका आयोजन किया जाता है जो कि इस आयोजन को करते-करते 50 वर्ष से अधिक का समय बीत चुका है सर्वप्रथम गो ग्रास धूलजी भगतजी दर्जी द्वारा प्रारंभ किया गया था जिसने परम्परा का रूप ले लिया है इस पुनीत कार्य के लिए सर्वसमाज में बहुत उत्साह रहता है और यथाशक्ति बुजुर्ग युवा महिला पुरुष बच्चे सभी इसमें रुचि लेते हैं और इस दौरान भगूभाई दर्जी, भरत पवार, रति लाल पंचाल, भोगीलाल दर्जी, कमलेश, चंद्रकांत, ओम प्रकाश दर्जी, जुगल पवार, प्रियंक भासरिया, विष्णु भासरिया, विजय पंचाल, नीरज पंचाल, शिवांग पंवार, दुर्गा देवी पंवार, नीमा दर्जी, कृष्णा पंवार, कृष्णा दर्जी, माया पवार, उर्मिला दर्जी, सूर्यकांता दर्जी, परेशा दर्जी, कमला देवी भावसार, निर्मला देवी भावसार, लता देवी भावसार, जितेंद्र जैन, खुशबू पंचाल, रमिला दर्जी, कचरी देवी दर्जी, कांता देवी दर्जी, प्रथम दर्जी, कानू दर्जी, जयू दर्जी, प्रियांशी दर्जी, समर्थ दर्जी, काव्य दर्जी, प्रियांश जैन आदि ने उत्साह पूर्वक सहभागिता निभाई। इस सफल गो ग्रास के आयोजन के लिए लगभग 25 से 30 किलो आटा 5 किलो देसी घी 8 लीटर तेल 20 किलो गुड़ उपयोग में लिया गया बच्चों व युवाओं द्वारा देसी घी में चुपड़ी हुई रोटी में गुड रखकर स्वयं के वाहनों का उपयोग करते हुए विभिन्न स्थानों पर खड़े पशुओं तक गो ग्रास की रोटी पहुंचाई गई और श्री श्री उत्तम गोपाल कृष्ण गौशाला एवं सन्मति गौशाला मैं भी गौ रक्षकों द्वारा गो ग्रास पहुंचाया गया।



## देव प्रयाग हडमाला में शिव कथा कल से, गिरी बापू का आगमन आज



**सागवाड़ा।** गायत्री परिवार के तत्वाधान में सर्व समाज द्वारा हड़माला के देव प्रयाग कथा स्थल पर कथा मर्मज्ञ गिरि बापू की शिव कथा का आयोजन 15 से 23 जनवरी तक किया जाएगा। गायत्री परिवार के भूपेंद्र पंड्या ने बताया कि कथा को लेकर गिरि बापू का नगर प्रवेश 14 जनवरी को दोपहर में होगा। कथा को लेकर यज्ञ वेदी, पांडाल, मंच, पार्किंग, पेयजल आदि कई व्यवस्थाएं की गई है। वही कथा की तैयारियों की जानकारी साझा करने एवं तैयारियों की समीक्षा के उद्देश्य से नगर के प्रबुद्धजन की बैठक कथा स्थल पर 14 जनवरी दोपहर 3 बजे रखी गई है।

## चाइनीज मांझे से युवक के गले में गंभीर घाव

**डूंगरपुर।** शहर में चाइनीज मांजे की डोर का कारोबार खूब फल फूल रहा है। शुक्रवार सुबह चाइनीज मांझे की डोर की चपेट में आने से बाइक सवार के गले में गंभीर चोट आई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि बाइक की स्पीड कम होने से युवक बच गया।हिराता गांव निवासी अक्षय कटारा धातु मिश्रित डोर गले में फंसने से गम्भीर रूप से चोटिल हो गया।

## स्वामी विवेकानंद जयंती एवं युवा दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन




**डूंगरपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद डूंगरपुर के बैनर तले श्री भोगीलाल पंड्या राजकीय महाविद्यालय डूंगरपुर में स्वामी विवेकानंद जयंती एवं युवा दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया द्य इस अवसर पर संगोष्ठी की अध्यक्षता स्थानीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आरबी कुमार ने की एवं संगोष्ठी के मुख्य वक्ता डॉक्टर गणेश जी निनामा रहे। संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे डॉ आर बी कुमार ने महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को संदेश दिया स्वामी विवेकानंद के सपनों का भारत बनाने की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया साथ ही उन्होंने बताया कि संस्कारित और सदाचारी युवा ही राष्ट्र निर्माण करने में अपनी महती भूमिका निभा सकता है। मुख्य वक्ता के रूप में गणेश निनामा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए स्वामी जी के ध्यये वाक्य उठो जागो और तब तक मत रुको, जब तक लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो जाती को व्याख्यायित करते हुए युवाओं से अपने लक्ष्यों को निर्धारित कर उनको लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कठोर परिश्रम करने का सन्देश दिया। संचालन परिषद् के प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र जी खराड़ी ने किया और आभार प्रदर्शन स्थानीय महाविद्याल की प्रो. सलमा खान ने किया। इस अवसर पर जिला सयोंजक महिपाल गमेती, जिला संगठन मंत्री पुलकित मेघवाल, इकाई अध्यक्ष भावेश डामोर, सुशील भराड़ा, शैलेश खराड़ी, अध्यक्ष प्रत्याशी गणेश कटारा, धनपाल अहारी, चंद्रेश निनामा, अनिल परमार, भावेश मेघवाल, शांतिलाल डामोर, हेमेंद्र बरंडा, कपिल कटारा, सुखलाल परमार, नयन यादव, करिश्मा पटेल, भवरलाल खराड़ी, महेश डामोर, आदि छात्र छात्रा उपस्थित रहे।

## गुप्ता ने स्वच्छ भारत मिशन पर क्षेत्र के सभी विद्यालयों में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित करने का भी सुझाव दिया

### एनएसएससी सदस्य केके गुप्ता ने भीलूड़ा का किया दौरा




**सागवाडा।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण भारत सरकार के तहत राष्ट्रीय योजना स्वीकृति समिति के सदस्य तथा स्वच्छता पूर्व ब्रांड एंबेसडर राजस्थान सरकार के के गुप्ता शुक्रवार को सागवाड़ा ब्लॉक के महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम राजकीय विद्यालय भीलूड़ा के दौरे पर रहे। भीलूडा में स्वर्गीय हरि शंकर भट्ट की स्मृति में स्वच्छता विषयक भाषण प्रतियोगिता आयोजित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता केके गुप्ता ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि समाजसेवी लक्ष्मण पंचाल, प्रवीण सरपंच, नरेश भट्ट तथा कुंता देवी रहे। कार्यक्रम में प्रथम तीन वरीयता प्राप्त विद्यार्थियों को पुरस्कार दिये गये। अन्य 7 प्रतिभागियों को भी सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए गुप्ता ने कहा कि डूंगरपुर नगर परिषद द्वारा स्वच्छता मिशन का कार्य हाथ में लिया गया तो सबसे पहले वहां के बच्चों की मन की स्थिति जानी गई और स्कूली बच्चों को स्वच्छता का महत्व पता पड़े इसके लिए उनके बीच स्वच्छता प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन पर क्षेत्र के सभी विद्यालयों में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित करने का भी सुझाव दिया। इस प्रकार का नवाचार वर्तमान में उदयपुर जिले में उनके द्वारा किया जा रहा है।

इससे स्कूल के विद्यार्थी स्वच्छता अभियान से जोड़ते हैं तथा उन्हें स्वच्छता के महत्व का भी ज्ञान होता है।

## भीलूड़ा विद्यानिकेतन में पत्रकों का विमोचन



**सागवाड़ा।** विद्या भारती चित्तौड़ प्रांत द्वारा जनजाति क्षेत्र की शिक्षा हेतु आम नागरिकों से सहयोगार्थ प्रकाशित निवेदन पत्रों का विमोचन विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय भीलूडा में किया गया।

विमोचन के बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश व्यास ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्या भारती जनजाति शिक्षा राजस्थान जनजाति क्षेत्रों में कई विद्यालयों का संचालन करती है जिसमें चित्तौड़ प्रांत के बांसवाड़ा, डूंगरपुर, उदयपुर, प्रतापगढ़ तथा सिरोही में 1015 एकल विद्यालय सरस्वती शिक्षा केंद्र तथा डूंगरपुर बांसवाड़ा में 7 प्राथमिक, उच्च प्राथमिक तथा माध्यमिक विद्यालयों का संचालन हो रहा है जिसमें लगभग 32000 भैया बहनों को संस्कार के साथ शिक्षा देने का कार्य लगभग 1200 आचार्य दीदी द्वारा किया जाता है। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि जनजाति क्षेत्र के भोले भाले बंधुओं को विदेशी एवं राष्ट्र विरोधी लोग दिग्भ्रमित कर राष्ट्र की मुख्यधारा से अलग करने का षड्यंत्र कर रहे हैं इसे रोकने के लिए यह पवित्र कार्य किया जा रहा है। इस विमोचन समारोह में कल्पना व्यास, सीमा जोशी, चिराग मेहता, करुणा जोशी, लता भट्ट, मोनिका सुथार, संध्या पंड्या, नीता भट्ट, अमीषा नाई, राजेंद्र प्रजापत एवं शैलेश बुनकर आदि ने समाज से सहयोग लेकर इस राष्ट्र कार्य में अपनी आहुति देने का संकल्प लिया।

## उप कारागृह सागवाड़ा में जेल कार्मिक ड्यूटी पर रहते हुए भूख हड़ताल पर



**सागवाड़ा ।** वेतन विसंगति के संबंध में 2017 में हुए समझौते की पालना नहीं होने के कारण उप कारागृह सागवाड़ा में जेल प्रहरी शुक्रवार से अनिश्चित कालीन मैस का बहिष्कार करते हुए ड्यूटी पर रहते हुए भूख हड़ताल पर रहेंगे ।

अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत के तत्वाधान में जेल कार्मिकों ने अपना विरोध जताया जा रहा है । मुख्य प्रहरी मुकेश डामोर ने बताया कि 13 जनवरी को राज्य के सभी कारागृहों के कर्मचारी महासंघ एकीकृत के बैनर तले अन्न त्याग कर अपने कर्तव्य का पालन करते हुए विरोध जता रहे है । गौरतलब है कि वर्ष 1998 से चली आ रही वेतनमान व भत्ते की विसंगति एवं राज्य सरकार से 2017 को राज्य सरकार व विभाग के अधिकारियों के बीच कार्मिकों के वेतन संबंधी मामलों में जो समझौता हुआ था उस पर आज तक कोई विचार नहीं किया गया हैं । कार्मिकों द्वारा समय-समय पर ज्ञापन भेजकर कारागार विभाग के महानिदेशक को भी अवगत करवाया जा चुका है । लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने से मुख्य प्रहरी चंदुलाल डामोर,

## दांतों का डॉक्टर बनने में अब साढ़े पांच साल लगेंगे



**जयपुर।** हाल ही में डीसीआई अध्यक्ष डॉ. मजूमदार ने लखनऊ और जयपुर स्थित एक कॉलेज समारोह में बीडीएस कोर्स में बदलाव के लिए मसौदा तैयार करने की बात कही है। बता दें एमबीबीएस की तर्ज पर अब बीडीएस कोर्स को भी साढ़े पांच साल करने की तैयारी चल रही है। मौजूदा स्थिति में इंटर्नशिप सहित बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी पांच साल का कोर्स है, जिसे छह माह और बढ़ाया जाएगा। साथ ही नए बदलाव के तहत क्रेडिट बेस्ड सिस्टम प्रस्तावित है। डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया, नई दिल्ली ने इसका मसौदा तैयार कर केंद्र सरकार को भेजा है। अनुमति मिलने पर देशभर में यह लागू हो जाएगा। प्रदेश में 15 डेंटल कॉलेज हैं। इनमें से एक सरकारी व 14 निजी कॉलेज हैं। राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ एंड साइंसेज (आरयूएचएस) के कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज में बीडीएस की 50 की जगह 100 सीटें की जा रही हैं। राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सुधीर भंडारी की ओर से प्रस्ताव बनाकर भेजा जा चुका है। सीटें बढ़ाने से संबंधित सभी औपचारिकताएं भी पूरी की जा चुकी हैं।

इसके बाद जल्द बजट मिलने की उम्मीद है। सीटें बढ़ने से अधिक छात्रों को डेंटल कोर्स में दाखिला मिल सकेगा।

## पाटीदार ने किया विद्या निकेतन गामडा ब्राह्मणिया का निरीक्षण

**सागवाड़ा।** विद्या निकेतन गामडा ब्राह्मणिया में विद्यालय निरीक्षण को लेकर जनजाति विद्यालय राजस्थान क्षेत्र के सचिव मानेंग पटेल का प्रवास रहा । योग प्रभारी ममता चौहान ने संगीतमय योग एवं शारीरिक प्रभारी पुरणनाथ रावल ने शारीरिक करवाया गया। वन्दना प्रभारी प्रवीणा जोशी ने वन्दना कराई। जिसमे मानेंग पटेल सचिव विद्या भारती जनजाति शिक्षा राजस्थान ,जिला सचिव जितेन्द्र कुमार जोशी एवं समिति के सदस्य नाथुलाल पाटीदार का आतिथ्य मिला। अतिथि परिचय पुरणनाथ रावल ने व स्वागत प्रधानाचार्य रुपेश दवे ने किया। स्वामी विवेकानंद की 169 वीं जयंति पर मानेंगे पटेल ने उनके जीवन परिचय से अवगत कराकर उनकी जीवन की अनेको घटनाएं बताई । इस अवसर पर बहिन हर्षिता पाटीदार ने भी प्रेरक प्रसंग सुनाया। मानेंग पटेल द्वारा कक्षा निरीक्षण किया गया। शिशुवाटिका प्रभारी प्रेरणा जोशी ने गोष्ठी मे आए अभिभावकों का आभार जताया।




बैठक मे शिशुवाटिका के शंकर मीणा, नितीन कटारा, योगिता जोशी, निकिता जोशी मौजूद थे। कक्षा के कक्षानायको, कन्या भारती,छात्र संसद की बैठक आहुत की गई। जिसमे अतिथि परिचय बालिका शिक्षा प्रमुख मोहिता जोशी ने करवाया । संस्कार केन्द्र प्रभारी पिंकी यादव ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया ।

आभार संस्कार केन्द्र अध्यक्ष रमेश यादव ने जताया। संध्या काल मे प्रबंध समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की बैठक हुई जिसमें विद्यालय के हित परिचर्चा की गई ।

अंत मे रात्रिकालीन सत्र मे विविध संगठन के कार्यकर्ताओ की बैठक आहुत की गई। जिसमे अतिथि परिचय प्रमोद भट्ट ने कराया ।

जिसमें कार्यकर्ता के द्वारा किए गए कार्यों के बारें विस्तृत जानकारी दी गई ।दूसरे दिन प्रात: कालीन वेला में संघ स्थान पर शाखा लगाई जिसमें अच्छी संख्या में स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

## बाइकों में आमने-सामने की भिड़ंत, 2 युवकों की मौत

**डूंगरपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में बिछीवाड़ा रोड पर शुक्रवार को दो बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइक पर सवार युवकों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक महिला और उसकी बेटी घायल हो गए। अहमदाबाद में मजदूरी करने वाली महिला, उसका पति और बेटी मकर संक्रांति मनाने घर जा रहे थे ।कोतवाली थाना सीआई सुरेंद्र सोलंकी ने बताया की बिछीवाड़ा रोड एपीआर बलवाड़ा रेलवे फाटक के पास एक्सीडेंट हुआ है। एक्सीडेंट में घायल गेंजी निवासी रानी पत्नी रमेश कनिपा ने बताया की वह अपने पति रमेश (42) पुत्र शंकर कनिपा और बेटी अंता कनिपा गुजरात के अहमदाबाद में मजदूरी करते हैं।

मकर संक्रांति मनाने के लिए वे तीनों दोपहर के समय बाइक पर घर आने के लिए निकले थे। बाइक पति रमेश चला रहा था। 180 किलोमीटर का सफर पूरा करने के बाद घर से 15 किलोमीटर दूर ही थे। बलवाड़ा रेलवे फाटक के पास आते ही सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से जोरदार भिडंत हो गई।


